लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4478
30 मार्च, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

हथकरघा डिजाइन संसाधन केंद्र

4478: श्री थिरुनवुक्करासर सु:

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:-

(क) देश में राज्य-वार किन-किन स्थानों पर हथकरघा डिजाइन संसाधन केंद्र स्थित हैं;

(ख) क्या सरकार ने हाल ही में देश के विभिन्न राज्यों में दस हथकरघा डिजाइन संसाधन केंद्र स्थापित किए हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कार्य क्या हैं;

(घ) क्या देश में हथकरघा पारिस्थितिकी तंत्र बनाने का भी प्रस्ताव है; और

(ङ.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क) से (ङ): वस्त्र मंत्रालय द्वारा हथकरघा क्षेत्र में डिजाइन-उन्मुख उत्कृष्टता के निर्माण और सृजन के लिए बुनकर सेवा केंद्रों दिल्ली, मुंबई, वाराणसी, अहमदाबाद, जयपुर, भुवनेश्वर, गुवाहाटी और कांचीपुरम में डिजाइन रिसोर्स सेंटर स्थापित किए गए हैं एवं बुनकरों, निर्यातकों, निर्माताओं और डिजाइनरों को नमूना/उत्पाद सुधार और विकास के लिए डिजाइन कोषों के लाभ की सुविधा प्रदान की गई है।

वस्त्र मंत्रालय पूरे देश में हथकरघा को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित योजनाएं कार्यान्वित कर रहा है:

1. राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम;
2. कच्चा माल आपूर्ति योजना;

उपरोक्त योजनाओं के तहत पात्र हथकरघा एजेंसियों/बुनकरों को कच्चे माल, सामान्य अवसंरचना विकास, घरेलू/विदेशी बाजारों में हथकरघा उत्पादों की मार्केटिंग, बुनकर मुद्रा ऋण आदि के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

उपरोक्त के अलावा,

- उच्च गुणवत्ता वाले हथकरघा उत्पादों की ब्रांडिंग के लिए 'इंडिया हैंडलूम' ब्रांड की शुरूआत की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य उच्च गुणवत्ता, शून्य दोषों के साथ प्रामाणिक डिजाइन और पर्यावरण पर शून्य प्रभाव के साथ विशिष्ट हथकरघा उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा देना है।

- बुनकरों को सरकारी ई-मार्केट प्लेस पर ऑन बोर्ड करने संबंधी कदम उठाये गये हैं ताकि वे अपने उत्पाद सीधे विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों को बेचने में सक्षम हो सकें। अब तक लगभग 1.5 लाख बुनकरों को जेम (GeM) पोर्टल पर ऑनबॉर्ड किया जा चुका है।

- बुनकरों को अपने उत्पादों को ऑनलाइन बेचने की सुविधा दी जाती है और वस्त्र मंत्रालय द्वारा 23 ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मों को नीतिगत ढांचे के तहत एक साथ जोड़ा गया है।

- उत्पादकता, मार्केटिंग क्षमताओं को बढ़ाने और बेहतर आय सुनिश्चित करने हेतु, विभिन्न राज्यों में 135 हथकरघा उत्पादक कंपनियों का गठन किया गया है।

- हथकरघा उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए, हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद अंतरराष्ट्रीय मेलों का आयोजन कर रहा है। 2021-22 के दौरान विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मार्केटिंग मेलों/इवेंट्स का आयोजन किया है। इसके अलावा, बुनकरों के लिए अपने उत्पादों की मार्केटिंग और बिक्री हेतु देश के विभिन्न हिस्सों में घरेलू मार्केटिंग कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

- बुनकर मुद्रा/रियायती ऋण योजना के तहत, व्यक्तिगत बुनकर/बुनकर उद्यमी को ऋण राशि के 20% पर, अधिकतम 25,000/- रुपये की शर्त के अध्यधीन मार्जिन मनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है तथा हथकरघा संगठनों के लिए 20 लाख रूपये, 7% तक ब्याज छूट और तीन साल की अवधि के लिए ऋणों पर क्रेडिट गारंटी शुल्क प्रदान किया जाता है।

******